| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Millennium Post** | **Language** | English |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 13/10/2025 | **Page no** | 3 |
| **CCM** | 31.58 | | |


# Delhi to boost cooperative movement with new bank branches, stores: Minister Ravinder Singh

Delhi to boost cooperative movement with new bank branches, stores: Minister Ravinder Singh

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** Delhi Cooperation Minister Ravinder Indraj Singh on Sunday said that the cooperative movement in the national capital will be strengthened with new initiatives, including new branches of cooperative banks and stores to promote local products.

Speaking at the Annual General Meeting (AGM) of the Delhi Citizen Cooperative Bank, Singh announced that bank accounts of ministers, officers and employees of the Cooperation Department will be opened in cooperative banks to promote trust and participation.

He said the Delhi government, under the leadership of Union Home and Cooperation Minister Amit Shah and Chief Minister Rekha Gupta, is working towards the vision of Antyodaya, uplifting the last person in society and building a self-reliant and developed Delhi.

The minister said that over the past few months, detailed meetings have been held with the chairpersons and directors of 12 major cooperative banks in Delhi to improve consumer facilities and introduce necessary reforms in the cooperative banking sector.

"New branches of cooperative banks will be opened across different parts of Delhi, with special focus on rural areas and rehabilitation colonies, to make financial services more accessible at the local level," he said.

Cooperative Week in Delhi (Nov 14–20) will feature a major blood donation camp, new cooperative stores, and a Bhagat Singh statue to promote public service and local entrepreneurship.

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Amar Ujala** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 13/10/2025 | **Page no** | 2 |
| **CCM** | 40.55 | | |

# New branches of cooperative banks will be started: Ravindra

# सहकारी बैंकों की नई शाखाएं शुरू होंगी : रविन्द्र

## दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम सभा में सहकारिता मंत्री ने की घोषणा

नई दिल्ली। समाज कल्याण, सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रविवार को कहा कि दिल्ली में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि सहकारिता विभाग के मंत्री, अधिकारी और कर्मचारी अपने खाते सहकारी बैंकों में खुलवाएंगे ताकि जनता के बीच इन बैंकों के प्रति विश्वास और सहभागिता का मजबूत संदेश जाए।

इन्द्राज दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम सभा (एजीएम) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बैंक के अध्यक्ष, निदेशक मंडल और सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक विकास का जीवन मंत्र है।

दिल्ली सरकार, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में अंत्योदय के लक्ष्य को साकार कर आत्मनिर्भर भारत व विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कुछ माह में दिल्ली के 12 प्रमुख सहकारी बैंकों के अध्यक्षों और निदेशकों के साथ विस्तृत बैठकें हुई हैं जिनमें उपभोक्ता सेवाओं को सुदृढ़ करने और बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की गई।

दिल्ली के विभिन्न इलाकों विशेषकर ग्रामीण और पुनर्वास कॉलोनियों में सहकारी बैंकों की नई शाखाएं खोली जाएंगी ताकि आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिल सकें। 14 से 20 नवंबर तक सहकारिता सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान दिल्ली में अब तक का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

इसमें सभी बैंक, हाउसिंग सोसाइटी, क्रेडिट यूनियन और स्वयं सहायता समूह सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इसके अलावा अगले वर्ष आरसीएस कार्यालय परिसर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी जो सहकारिता की भावना को सेवा के आदर्शों से जोड़ने का प्रतीक होगी। संवाद

### सहकारी स्टोर की होगी स्थापना

सहाकारिता मंत्री ने यह भी घोषणा की कि जल्द ही दिल्ली में सहकारी स्टोर्स की स्थापना की जाएगी, जहां स्व-सहायता समूहों की ओर से तैयार ऑर्गेनिक उत्पादों की बिक्री की जाएगी। इससे स्थानीय उत्पादकों और महिलाओं को सीधा बाजार मिलेगा व रोजगार सृजन और आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Hindustan** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 13/10/2025 | **Page no** | 5 |
| **CCM** | 9.12 | | |

# Accounts of ministers and officers will be opened in cooperative banks

# सहकारी बैंकों में खुलेंगे मंत्रियों और अफसरों के खाते

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली में मंत्री, अधिकारियों और कर्मचारियों के खाते सहकारी बैंकों में खुलेंगे। दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रविवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से सहकारी बैंकों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा। दिल्ली में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा और दिशा दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि दिल्ली में सहकारी बैंकों की नई शाखाएं खोली जाएंगी और नए सहकारी स्टोर्स शुरू किए जाएंगे।

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Navbharat Times** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 13/10/2025 | **Page no** | 2 |
| **CCM** | 23.68 | | |

# Ministers, officers and employees will have accounts in cooperative banks: Ravindra Indraj

# मंत्री, अधिकारियों और कर्मचारियों के सहकारी बैंकों में खुलेंगे खाते : रविंद्र इंद्राज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**दिल्ली सरकार** के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा और दिशा दी जाएगी। उन्होंने यह घोषणा की कि सहकारिता विभाग के मंत्री से लेकर सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने खाते सहकारी बैंकों में खुलवाएंगे, ताकि सहकारी बैंकों के प्रति विश्वास और सहभागिता का मजबूत उदाहरण स्थापित हो सके। उन्होंने अगले महीने सहकारिता सप्ताह से जुड़े आयोजनों की जानकारी भी दी।

रविवार को मंत्री रविंद्र इंद्राज दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बैंक के अध्यक्ष, निदेशक मंडल और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सहभागिता का जीवन मंत्र है। इसके जरिए दिल्ली सरकार गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में अंत्योदय का लक्ष्य हासिल कर आत्मनिर्भर भारत और विकसित दिल्ली निर्माण का संकल्प पूरा करेगी। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने दिल्ली के 12 प्रमुख सहकारी बैंकों के अध्यक्षों और निदेशकों के साथ बैठकें की हैं। इन बैठकों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं और जरूरी सुधार जैसे विषयों पर चर्चा हुई है। अब सहकारी बैंकों की नई ब्रांच दिल्ली के विभिन्न इलाकों में खोली जाएंगी।

**दिल्ली में 14 से 20 नवंबर तक मनया जाएगा सहकारिता सप्ताह**

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Hari Bhoomi** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 13/10/2025 | **Page no** | 3 |
| **CCM** | 4.86 | | |

# Ministers, officers and employees will have accounts in cooperative banks: Indraj

## मंत्री, अधिकारियों और कर्मचारियों के सहकारी बैंकों में खुलेंगे खाते : इंद्राज

नई दिल्ली। मंत्रियों से लेकर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने खाते सहकारी बैंकों में खुलवाएंगे, ताकि सहकारी बैंकों के प्रति विश्वास और सहभागिता का मजबूत उदाहरण स्थापित हो सके। इस बात की घोषणा रविवार को दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा और दिशा दी जाएगी। वहीं उन्होंने अगले महीने सहकारिता सप्ताह से जुड़े आयोजनों की जानकारी भी दी। मंत्री इंद्राज ने इस अवसर पर उन्होंने बैंक के अध्यक्ष, निदेशक मंडल और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सहभागिता का जीवन मंत्र है। इसके जरिये दिल्ली सरकार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में अंत्योदय का लक्ष्य हासिल कर आत्मनिर्भर भारत और विकसित दिल्ली निर्माण का संकल्प पूरा करेगी। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने दिल्ली के 12 प्रमुख सहकारी बैंकों के अध्यक्षों एवं निदेशकों के साथ विस्तृत बैठकें की हैं। इन बैठकों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं और आवश्यक सुधार जैसे विषयों पर चर्चा हुई है।



Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Dainik Jagran (Rashtriya)** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 13/10/2025 | **Page no** | 2 |
| **CCM** | 26.04 | | |

# Cooperative stores to open in Delhi, selling organic products

## दिल्ली में खुलेंगे सहकारी स्टोर, आर्गेनिक उत्पाद मिलेंगे

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली

दिल्ली में बेहतर गुणवत्ता के आर्गेनिक उत्पाद लोगों को आसानी से मिल सकेंगे। जो संभवतः बाजार की तुलना में सस्ते भी होंगे। सरकार राजधानी में 'सहकारी स्टोर' शुरू करने की योजना है। सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि दिल्ली में सहकारी स्टोर शुरू करेंगे, जहां स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए गए आर्गेनिक उत्पाद व अन्य सामान बेचे जाएंगे। इनसे स्थानीय उत्पादकों व महिलाओं को सीधा बाजार मिलेगा। इससे रोजगार सृजन व आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

आर्गेनिक या जैविक उत्पाद वे कहे जाते हैं जो रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और अन्य कृत्रिम पदार्थों के उपयोग के बिना उगाए या बनाए जाते हैं।

**स्टोर में स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए गए आर्गेनिक उत्पादों के साथ अन्य सामान भी बेचे जाएंगे**

इसके अलावा सहकारिता मंत्री ने घोषणा की कि सहकारिता विभाग के मंत्री से लेकर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने खाते सहकारी बैंकों में खुलवाएंगे। ऐसा इसलिए ताकि सहकारी बैंकों के प्रति विश्वास और सहभागिता का मजबूत उदाहरण स्थापित हो सके।

उन्होंने अगले महीने सहकारिता सप्ताह से जुड़े आयोजनों की जानकारी भी दी। रविवार को दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंकों की नई शाखाएं दिल्ली के विभिन्न इलाकों में खोली जाएंगी।

********

Downloaded from
SAMVAD